# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025

# बरेली जोन में होगी 12,661 रिक्रूटों की ट्रेनिंग

जासं, बरेली : उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के बाद बरेली जोन में जेटीसी के लिए प्रस्तावित 7461 रिक्रूट आरक्षी और आरटीसी के लिए प्रस्तावित 5200 रिक्रूट आरक्षियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाना है।

इसी के चलते बरेली जोन के जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और कार्ययोजना के क्रियान्वयन के परिपेक्ष में व्यवस्थाओं की समीक्षा शुक्रवार को अफसरों ने की। बरेली जोन कार्यालय से पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी जोन रमित शर्मा हाइब्रिड मोड में जोन के सभी पुलिस अफसरों से जुड़े। उन्होंने बताया कि ज्वाइनिंग ट्रेनिंग सेंटर (जेटीसी) में 5968 पुरुष और 1493 महिला आरक्षी हैं, जबकि रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में 3300 पुलिस और 1900 महिला आरक्षियों को ट्रेनिंग दी जानी है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के उच्च कोट के प्रशिक्षण के लिए आवासीय भवन आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली एवं मुरादाबाद परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी सेक्टर मुरादाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली एवं बरेली जोन के अन्य जनपद प्रभारियों और पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं, 24वीं, बटालियन के सेनानायकों ने प्रतिभाग किया। प्रदेश में प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षी नागरिक पुलिस की ट्रेनिंग को लेकर शुक्रवार को डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली में ट्रेनिंग संबंधित उपकरणों, मेस, आरटीसी स्कूल, कंप्यूटर लैब एवं प्रशिक्षुओं के रुकने की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान सेनानायक आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली आकाश तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, उपसेनायक राकेश कुमार सोनकर, शिविरपाल रामनाथ राणा एवं सूबेदार मेजर अनुज पंवार मौजूद रहे।




बरेली जोन कार्यालय में अधिकारियों के साथ रिक्रूट ट्रेनिंग की तैयारियों की समीक्षा करतीं डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी रमित शर्मा ● सौ. जोन कार्यालय

## जिलों में प्रस्तावित जेटीसी प्रशिक्षुओं का विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 1473 | 1178 | 295 |
| बदायूं | 1219 | 975 | 244 |
| पीलीभीत | 657 | 525 | 132 |
| शाहजहांपुर | 1062 | 850 | 212 |
| मुरादाबाद | 514 | 411 | 103 |
| रामपुर | 359 | 287 | 72 |
| अमरोहा | 286 | 229 | 57 |
| सम्भल | 710 | 568 | 142 |
| बिजनौर | 1181 | 945 | 236 |
| बरेली जोन | 7461 | 5968 | 1493 |

## जोन के जिलों में प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 800 | 0 | 800 |
| बदायूं | 500 | 500 | 0 |
| बदायूं (म. बटालियन) | 500 | 500 | 0 |
| पीलीभीत | 400 | 400 | 0 |
| शाहजहांपुर | 500 | 0 | 500 |
| मुरादाबाद | 1000 | 1000 | 0 |
| रामपुर | 600 | 0 | 600 |
| अमरोहा | 200 | 200 | 0 |
| सम्भल | 200 | 200 | 0 |
| बिजनौर | 500 | 500 | 0 |
| बरेली जोन | 5200 | 3300 | 1900 |

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025

# 12661 रिक्रूटों का बरेली जोन में होगा प्रशिक्षण, डीजी ने देखी तैयारी

**डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा ने दिया निर्देश, पुलिस लाइन में देखी व्यवस्था**

बरेली। पुलिस विभाग में आरक्षी के पदों पर हुई सीधी भर्ती का लाभ जिले को भी मिलेगा, यहां भी थानों में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ेगी। दो बड़े बैच में यहां नए रिक्रूट का प्रशिक्षण होगा, तैयारी का जायजा लेने पुलिस विभाग की महानिदेशक प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा शुक्रवार को बरेली पहुंचीं।

डीजी वर्मा का यहां एडीजी कार्यालय में एडीजी रमित शर्मा ने स्वागत किया। यहां उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिग में बरेली जोन के नौ जिलों के अधिकारियों से प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर बात की। डीजी व एडीजी ने बताया कि बरेली जोन में जेटीसी के लिए प्रस्तावित 7461 रिक्रूट (पुरुष 5968 एवं महिला 1493) आरटीसी के लिए प्रस्तावित 5200 रिक्रूट (पुरुष 3300 एवं महिला 1900) का प्रशिक्षण होगा।

बरेली जोन के संबंधित जिलों के प्रशिक्षण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता देख ली जाए। कोई खामी मिली तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

डीजी ने पुलिस लाइन व पीएसी आठवीं बटालियन जाकर कक्षों, सभागारों व आवासीय सुविधा की स्थिति देखी। इस दौरान उनके साथ एडीजी, बरेली व मुरादाबाद के डीआईजी, एसएसपी अनुराग आर्य, पीएसी के कमांडेंट आकाश तोमर आदि अधिकारी मौजूद रहे। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025

# पुलिस भर्ती प्रशिक्षण का जायजा लेने पहुंचीं डीजी ट्रेनिंग

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** डीजी पुलिस ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा शुक्रवार को पुलिस भर्ती प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लेने बरेली पहुंचीं। यहां उन्होंने एडीजी रमित शर्मा के साथ हाइब्रिड मोड में इसकी तैयारियों के संबंध में सभी जिलों से पुलिस अधिकारियों से वार्ता की।

एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती- 2023 के उपरान्त बरेली जोन में जेटीसी हेतु 7461 रिक्रूट आरक्षीगण (पुरुष 5968 एवं महिला 1493) एवं आरटीसी हेतु 5200 रिक्रूट आरक्षीगण (पुरुष 3300 एवं महिला 1900) का आवंटन किया गया है। जोन के जनपदों के प्रशिक्षण केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं कार्य योजना के क्रियान्वयन के परिपेक्ष्य में शुक्रवार को समीक्षा बैठक की गई। डीजी पुलिस ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रिक्रूट आरक्षीगण के उच्च कोटि के प्रशिक्षण हेतु, आवासीय भवन (तख्त, प्रकाश व्यवस्था, पंखा इत्यादि सहित), भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण एवं प्रशिक्षक आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में डीआईजी बरेली, मुरादाबाद, पीएसी सेक्टर मुरादाबाद, सभी जिलों के एसएसपी व एसपी के अलावा पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं, 24वीं, बटालियन के सेनानायकों ने प्रतिभाग किया। नकटिया स्थित पीएसी आठवीं वाहिनी में भर्ती की तैयारियों का निरीक्षण भी किया।



पुलिस भर्ती की तैयारियों की समीक्षा करतीं डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा।

### जेटीसी प्रशिक्षण

बरेली में 1473, बदायूं में 1219, पीलीभीत में 657, शाहजहांपुर में 1062, मुरादाबाद में 514, रामपुर में 359, अमरोहा में 286, संभल 710 और बिजनौर में 1181 रिक्रूट ट्रेनिंग के लिए आवंटित किए गए हैं। 5968 पुरुष और 1493 महिला रिक्रूट शामिल हैं।

### आरटीसी प्रशिक्षण

बरेली में 800, बदायूं में 500, बदायूं महिला बटालियन में 500, पीलीभीत में 400, शाहजहांपुर में 500, मुरादाबाद में 1000, रामपुर में 600,सम्भल में 200 और बिजनौर में 500 रिक्रूट ट्रेनिंग करेंगे।

अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025

# 12661 रिक्रूटों का बरेली जोन में होगा प्रशिक्षण




**बरेली, अमृत विचार** : पुलिस विभाग में आरक्षी के पदों पर हुई सीधी भर्ती का लाभ जिले को भी मिलेगा। दो बड़े बैच में यहां नए रिक्रूट का प्रशिक्षण होगा। इसकी तैयारी का जायजा लेने महानिदेशक प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा शुक्रवार को बरेली पहुंचीं। उनका एडीजी कार्यालय में एडीजी रमित शर्मा ने स्वागत किया। यहां उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिग से जोन के नौ जिलों के अधिकारियों से प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर बात की। समीक्षा बैठक में डीआईजी बरेली, मुरादाबाद, पीएसी सेक्टर मुरादाबाद, एसएसपी बरेली, अन्य जिले के प्रभारी, पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं, 24वीं, बटालियन के सेनानायक शामिल हुए।

I-Next जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025

# बरेली जोन में होगी 12661 रिक्रूटों की ट्रेनिंग, तैयारियों की हुई समीक्षा




एडीजी ऑफिस में हुई मीटिंग.

**पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) और एडीजी ने जोन कार्यालय से अफसरों संग की हाइब्रिड मीटिंग**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (16 May):** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के बाद बरेली जोन में जेटीसी के लिए प्रस्तावित 7461 रिक्रूट आरक्षी और आरटीसी के लिए प्रस्तावित 5200 रिक्रूट आरक्षियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाना है. इसी के चलते बरेली जोन के जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और कार्ययोजना के क्रियान्वयन के परिपेक्ष में व्यवस्थाओं की समीक्षा शुक्रवार को अफसरों ने की. बरेली जोन कार्यालय से पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी जोन रमित शर्मा हाइब्रिड मोड में जोन के सभी पुलिस अफसरों से जुड़े. उन्होंने बताया कि ज्वाइनिंग ट्रेनिंग सेंटर (जेटीसी) में 5968 पुरुष और 1493 महिला आरक्षी हैं, जबकि रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में 3300 पुलिस और 1900 महिला आरक्षियों को ट्रेनिंग दी जानी है. उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के लिए आवासीय भवन (तख्त, प्रकाश व्यवस्था, पंखा इत्यादि सहित), भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण एवं प्रशिक्षक आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए. सभी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा.

## प्रस्तावित जेटीसी को प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का जिलावार विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 1473 | 1178 | 295 |
| बदायूं | 1219 | 975 | 244 |
| पीलीभीत | 657 | 525 | 132 |
| शाहजहांपुर | 1062 | 850 | 212 |
| मुरादाबाद | 514 | 411 | 103 |
| रामपुर | 359 | 287 | 72 |
| अमरोहा | 286 | 229 | 57 |
| सम्भल | 710 | 568 | 142 |
| बिजनौर | 1181 | 945 | 236 |
| बरेली जोन | 7461 | 5968 | 1493 |

## प्रस्तावित आरटीसी को प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का जिलावार विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 800 | 0 | 800 |
| बदायूं | 500 | 500 | 0 |
| बदायूं (म. बटालियन) | 500 | 500 | 0 |
| पीलीभीत | 400 | 400 | 0 |
| शाहजहांपुर | 500 | 0 | 500 |
| मुरादाबाद | 1000 | 1000 | 0 |
| रामपुर | 600 | 0 | 600 |
| अमरोहा | 200 | 200 | 0 |
| सम्भल | 200 | 200 | 0 |
| बिजनौर | 500 | 500 | 0 |
| बरेली जोन | 5200 | 3300 | 1900 |

## डीजी ट्रेनिंग ने किया पीएसी का निरीक्षण

प्रदेश में प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षी नागरिक पुलिस की ट्रेनिंग को लेकर शुक्रवार को डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली में ट्रेनिंग संबंधित उपकरणों, मेस, आरटीसी स्कूल, कंप्यूटर लैब एवं प्रशिक्षुओं के रुकने की व्यवस्था का निरीक्षण किया. इस दौरान सेनानायक आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली आकाश तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य आदि रहे.

# राष्ट्रीय सहारा जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025

# आरक्षी भर्ती प्रशिक्षण तैयारी में जुटे अफसर




बैठक करते डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा एवं एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा। फोटो : एसएनबी

**बरेली (एसएनबी)।** पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण। तिलोत्तमा वर्मा एवं एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने हाइब्रिड मोड में जोन के सभी जनपदों में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जेटीसी/आरटीसी के प्रशिक्षण स्थलों पर बैरक, क्लासरूम, मैस, परेड ग्राउंड, शौचालय एवं प्रशिक्षण उपकरण आदि की उपलब्धता तथा चिन्हित निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया गया।

अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रशिक्षण व्यवस्था को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली और मुरादाबाद परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर मुरादाबाद, एसएसपी अनुराग आर्य सहित बरेली जोन के अन्य जनपद प्रभारियों एवं पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं व 24वीं बटालियन के सेनानायकों ने भाग लिया।

**युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 17.05.2025**

# बरेली जोन में 12,661 रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की व्यापक तैयारी शुरू




**पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी रमित शर्मा ने हाइब्रिड मोड में की समीक्षा बैठक**

युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

**बरेली।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित 12,661 रिक्रूट आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण को लेकर बरेली जोन में तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) श्रीमती तिलोत्तमा वर्मा एवं अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने हाइब्रिड मोड के माध्यम से बैठक कर सभी ज़रूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में Joining Training Centre (JTC) के तहत 7461 रिक्रूट (पुरुष 5968 और महिला 1493) और Recruit Training Centre (RTC) के तहत 5200 रिक्रूट (पुरुष 3300 और महिला 1900) के प्रशिक्षण की रूपरेखा पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने सभी जिलों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण केंद्रों में आवासीय भवन (तख्त, पंखा, प्रकाश व्यवस्था), भोजनालय, शुद्ध पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण व प्रशिक्षकों की व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध पूरी की जाएं। समीक्षा बैठक में बरेली व मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी, पीएसी सेक्टर मुरादाबाद के डीआईजी, बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली जोन के अन्य जिलों के प्रभारी अधिकारी और पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं व 24वीं बटालियन के सेनानायक शामिल हुए। JTC के तहत सर्वाधिक 1473 रिक्रूट बरेली में, जबकि RTC के तहत सर्वाधिक 1000 प्रशिक्षु मुरादाबाद में प्रस्तावित किए गए हैं। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि सभी प्रशिक्षण केंद्रों को समयसीमा के भीतर पूरी तैयारी के साथ प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करना होगा।

# बरेली जोन में होगी 12661 रिक्रूटों की ट्रेनिंग

## पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) और एडीजी ने जोन कार्यालय से अफसरों संग की हाइब्रिड मीटिंग

जासं, बरेली : उत्तर प्रदेश पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के बाद बरेली जोन में जेटीसी के लिए प्रस्तावित 7461 और आरटीसी के लिए प्रस्तावित 5200 रिक्रूट आरक्षियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी के चलते बरेली जोन के जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और कार्ययोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा शुक्रवार को अफसरों ने की। बरेली जोन कार्यालय से पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी जोन रमित शर्मा हाइब्रिड मोड में जोन के सभी पुलिस अफसरों के साथ जुड़े। उन्होंने बताया कि ज्वाइनिंग ट्रेनिंग सेंटर (जेटीसी) में 5968 पुरुष और 1493 महिला आरक्षी हैं, जबकि रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में 3300 पुरुष और 1900 महिला आरक्षियों को ट्रेनिंग दी जानी है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के उच्च कोट के प्रशिक्षण के लिए आवासीय भवन (तख्त, प्रकाश व्यवस्था, पंखा इत्यादि सहित), भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण एवं प्रशिक्षक आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली एवं मुरादाबाद परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी सेक्टर मुरादाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली एवं बरेली जोन के अन्य जनपद प्रभारियों और पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं, 24वीं, बटालियन के सेनानायकों ने प्रतिभाग किया। सभी ने बेहतर व्यवस्थाएं बनाने का भरोसा दिलाया।



बरेली जोन कार्यालय में डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी रमित शर्मा अधिकारियों के साथ रिक्रूट ट्रेनिंग की तैयारियों की समीक्षा करते हुए • सौ. पीआर सेल

### डीजी ट्रेनिंग ने किया पीएसी का निरीक्षण

प्रदेश में प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षी नागरिक पुलिस की ट्रेनिंग को लेकर शुक्रवार को डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली में ट्रेनिंग संबंधित उपकरणों, मेस, आरटीसी स्कूल, कंप्यूटर लैब एवं प्रशिक्षुओं के रुकने की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान सेनानायक आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली आकाश तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, उपसेनायक राकेश कुमार सोनकर, शिविरपाल रामनाथ राणा एवं सूबेदार मेजर अनुज पंवार मौजूद रहे।

### जेटीसी को प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का जिलावार विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 1473 | 1178 | 295 |
| बदायूं | 1219 | 975 | 244 |
| पीलीभीत | 657 | 525 | 132 |
| शाहजहांपुर | 1062 | 850 | 212 |
| मुरादाबाद | 514 | 411 | 103 |
| रामपुर | 359 | 287 | 72 |
| अमरोहा | 286 | 229 | 57 |
| सम्भल | 710 | 568 | 142 |
| बिजनौर | 1181 | 945 | 236 |
| बरेली जोन | 7461 | 5968 | 1493 |

### आरटीसी को प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का जिलावार विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 800 | 0 | 800 |
| बदायूं | 500 | 500 | 0 |
| बदायूं (म. वटालियन) | 500 | 500 | 0 |
| पीलीभीत | 400 | 400 | 0 |
| शाहजहांपुर | 500 | 0 | 500 |
| मुरादाबाद | 1000 | 1000 | 0 |
| रामपुर | 600 | 0 | 600 |
| अमरोहा | 200 | 200 | 0 |
| सम्भल | 200 | 200 | 0 |
| बिजनौर | 500 | 500 | 0 |
| बरेली जोन | 5200 | 3300 | 1900 |

# दैनिक जागरण जनपद मुरादाबाद दिनॉक 17.05.2025

# बरेली जोन में प्रशिक्षित होंगे 12,661 रिक्रूट, अफसरों ने की समीक्षा

## पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) और एडीजी ने जोन कार्यालय से अफसरों संग की हाइब्रिड मीटिंग

**जासं, बरेली :** उत्तर प्रदेश पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के बाद बरेली जोन में जेटीसी के लिए प्रस्तावित 7461 और आरटीसी के लिए प्रस्तावित 5200 रिक्रूट आरक्षियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी के चलते बरेली जोन के जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और कार्ययोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा शुक्रवार को अफसरों ने की। बरेली जोन कार्यालय से पुलिस महानिदेशक (ट्रेनिंग) तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी जोन रमित शर्मा हाइब्रिड मोड में जोन के सभी पुलिस अफसरों के साथ जुड़े।

उन्होंने बताया कि ज्वाइनिंग ट्रेनिंग सेंटर (जेटीसी) में 5968 पुरुष और 1493 महिला आरक्षी हैं, जबकि रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में 3300 पुरुष और 1900 महिला आरक्षियों को ट्रेनिंग दी जानी है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के उच्च कोट के प्रशिक्षण के लिए आवासीय भवन (तख्त, प्रकाश व्यवस्था, पंखा इत्यादि सहित), भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, स्नानागार, शौचालय, प्रशिक्षण उपकरण एवं प्रशिक्षक आदि व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुरूप समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली एवं मुरादाबाद परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी सेक्टर मुरादाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली एवं बरेली जोन के अन्य जनपद प्रभारियों और पीएसी की 8वीं, 9वीं, 23वीं, 24वीं, बटालियन के सेनानायकों ने प्रतिभाग किया।



बरेली जोन कार्यालय में जोन के अधिकारियों के साथ रिक्रूट ट्रेनिंग की तैयारियों की समीक्षा करते डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी रमित शर्मा • सौ.जोन कार्यालय

### पीएसी का भी किया निरीक्षण

प्रदेश में प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षी नागरिक पुलिस की ट्रेनिंग को लेकर शुक्रवार को डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली में ट्रेनिंग संबंधित उपकरणों, मेस, आरटीसी स्कूल, कंप्यूटर लैब एवं प्रशिक्षुओं के रुकने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, उपसेनायक राकेश कुमार सोनकर, शिविरपाल रामनाथ राणा एवं सूबेदार मेजर अनुज पंवार भी मौजूद रहे।

### बरेली जोन के जिलों में प्रस्तावित आरटीसी को प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का जिलावार विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 800 | 0 | 800 |
| बदायूं | 500 | 500 | 0 |
| बदायूं (म. बटालियन) | 500 | 500 | 0 |
| पीलीभीत | 400 | 400 | 0 |
| शाहजहांपुर | 500 | 0 | 500 |
| मुरादाबाद | 1000 | 1000 | 0 |
| रामपुर | 600 | 0 | 600 |
| अमरोहा | 200 | 200 | 0 |
| सम्भल | 200 | 200 | 0 |
| बिजनौर | 500 | 500 | 0 |
| बरेली जोन | 5200 | 3300 | 1900 |

### बरेली जोन के जिलों में प्रस्तावित जेटीसी को प्रस्तावित प्रशिक्षुओं का जिलावार विवरण

| जनपद | कुल प्रशिक्षु | पुरुष प्रशिक्षु | महिला प्रशिक्षु |
|---|---|---|---|
| बरेली | 1473 | 1178 | 295 |
| बदायूं | 1219 | 975 | 244 |
| पीलीभीत | 657 | 525 | 132 |
| शाह जहांपुर | 1062 | 850 | 212 |
| मुरादाबाद | 514 | 411 | 103 |
| रामपुर | 359 | 287 | 72 |
| अमरोहा | 286 | 229 | 57 |
| सम्भल | 710 | 568 | 142 |
| बिजनौर | 1181 | 945 | 236 |
| बरेली जोन | 7461 | 5968 | 1493 |

# आरटीसी में अगले माह से प्रशिक्षण लेंगे आरक्षी

**जासं, मुरादाबाद :** पुलिस लाइंस स्थित आरटीसी तैयार हो गई है। अगले माह आने वाले एक हजार आरक्षी प्रशिक्षुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए हर सुविधा का इंतजाम किया गया है। आरटीसी के भवनों की दीवारों पर उकेरी गई तस्वीर प्रशिक्षु को कैसे भीड़ वाले इलाके में लोगों की सुरक्षा करनी है इसका ज्ञान देंगी। दीवारों पर कुंभ व अन्य भीड़ के इलाकों में पुलिस ने कैसे सुरक्षा की। इस तरह की तस्वीर बनाई गई है। सुबह शौचालयों के बाहर भीड़ न लगे इसके लिए 160 से अधिक शौचालय बनाए गए है।

प्रदेश में इस समय आरक्षी पद के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल पूर्ण हो गए है। अगले माह से सभी आरक्षियों का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। मुरादाबाद को एक हजार आरक्षी प्रशिक्षु को मिल रहे हैं। इन सभी को प्रशिक्षण देकर बेहतर पुलिसकर्मी बनाने का जिम्मा अब मुरादाबाद पुलिस अधिकारियों के पास है। ऐसे में एसएसपी सतपाल अंतिल ने दो माह पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी। प्रशिक्षण में किसी तरह की दिक्कत न हो इसी को देखते हुए पुलिस लाइंस आरटीसी का एरिया अलग कर दिया गया है। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। वहीं आरटीसी के लिए तैयार किए गए भवनों की दीवारों पर तरह-तरह की तस्वीरें बनाई गई हैं।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। पूरे परिसर को बेहतर और सुंदर बनाया गया है। आरक्षी प्रशिक्षुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।


मुरादावाद की पुलिस लाइंस में आरटीसी भवन की दीवार पर बने चित्र • जागरण

### आवास से लेकर सामान की सुरक्षा का भी ध्यान

आरक्षी प्रशिक्षुओं की संख्या एक हजार होने के चलते पुलिस लाइंस में उसी तरह की व्यवस्था की गई है। रहने के लिए बैरक तैयारी की गई है। पुरानी बैरकों पर रंगाई पुताई करके बेहतर किया गया है। खिड़की दरवाजे सभी सही कर दिए गए है। संख्या के अनुसार नए तख्त बनवाए गए है। उनके निजी सामान रखने के लिए अलमारी भी बैरकों में लगवा दी गई है।

### नहाने में भी नहीं होगी दिक्कत

प्रत्येक 100 आरक्षी प्रशिक्षुओं के लिए 16-16 शौचालय और बाथरूम बनाए गए है। पूरे परिसर में 160 शौचालय और बाथरूम में बनाए गए है। सीवरेज और ड्रेनेज की व्यवस्था भी बेहतर कर दी गई है। लाइन और आरटीसी में स्वच्छता के लिए अलग से मानक तय किए गए है।

### छह भोजनालयों में मशीन से गूंथा जाएगा आटा

परिसर में छह भोजनालय बनाए गए हैं। खाना बैठकर खाने की भी होटल जैसी व्यवस्था कर दी गई है। मशीनों से आटा गूंथा जाएगा इसके लिए मशीन का इंतजाम कर लिया गया है। रोटी बनाने के लिए मशीन लगाई गई है। इनसे आधा घंटे में करीब 1500 रोटी बनेंगी।